# 32 वस्तु एवं सेवा कर क्या है ?

## What is Goods & Service Tax (GST) ?

- वस्तु एवं सेवा कर (GST) वस्तुतः सामानों एवं सेवा के विक्रय पर लगाया जाने वाला मूल्य संवर्धित कर वैट (VAT) है। अर्थात विक्रय के दौरान जब भी वस्तु अथवा सेवा के विक्रय मूल्य में वृद्धि होती है, उस पर कर लगाया जाएगा।
- भारत सरकार एवं राज्यों के संघीय ढाचों के अनुरूप GST के दो भाग होंगे। पहला भाग केन्द्र सरकार द्वारा CGST के रूप में अधिरोपित किया जाएगा, इसी प्रकार दूसरा भाग राज्य सरकार द्वारा SGST के रूप में अधिरोपित किया जाएगा।
- CGST के रूप में भुगतान किए गए कर का इनपुट टेक्स क्रेडिट अगले विक्रय के बिन्दु पर भुगतान योग्य CGST के विरूद्ध प्राप्त होगा। इसी प्रकार SGST के रूप में भुगतान किए गए कर का इनपुट टेक्स क्रेडिट अगले विक्रय के बिन्दु पर भुगतान योग्य SGST के विरूद्ध प्राप्त होगा।
- छोटे व्यापारियों को इस टैक्स से मुक्त रखने के लिए इनके टर्न ओवर की एक सीमा तय की जाएगी।
- वस्तु एवं सेवा कर (GST) लागू होने के पश्चात केन्द्र सरकार द्वारा अधिरोपित किए जाने वाले निम्नलिखित कर GST मे समाहित हो जाएगे :– केन्द्रीय उत्पाद कर, सर्विस टैक्स, अतिरिक्त उत्पाद कर सरचार्ज शेष आदि।
- इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा अधिरोपित किए जाने वाले किए जाने वाले निम्नलिखित कर GST मे समाहित हो जाएगे– वैट/सेल्स टैक्स, लक्जरी टैक्स, मनोरंजन कर, प्रवेश कर आदि।

उदाहरण – GST लागू होने के बाद कर निम्नानुसार देय होगे–

| वर्तमान में लागू कर | | | | GST मे प्रस्तावित कर | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विवरण | दर | कर | भुगतान योग्य राशि | विवरण | दर | कर | भुगतान योग्य राशि |
| विक्रय का प्रथम चरण - उत्पादक से थोक विक्रेता | | | | | | | |
| उत्पादक की विक्रय कीमत | | | 1000 | उत्पादक की विक्रय कीमत | | | 1000 |
| एक्साईज ड्यूटी | 8.2% | 82 | 1082 | केन्द्रीय GST | 8% | 80 | 1080 |
| राज्य द्वारा अधिरोपित VAT | 12.5% | 135 | **1217** | राज्य GST | 8% | 80 | **1160** |
| विक्रय का द्वितीय चरण - थोक विक्रेता से खुदरा विक्रेता | | | | | | | |
| थोक विक्रेता की विक्रय कीमत (5 % लाभ सहित) | | | 1278 | थोक विक्रेता की विक्रय कीमत (5 % लाभ सहित) | | | 1218 |
| | | | | केन्द्रीय GST | 8% | 97 | |
| राज्य द्वारा अधिरोपित VAT | 12.5% | 160 | | इनपुट टैक्स क्रेडिट -CGST (घटाएं) | | 80 | |
| | | | | कुल देय CGST | | 17 | 1235 |
| वैट–इनपुट टैक्स क्रेडिट (घटाएं) | | 135 | | राज्य GST | 8% | 97 | |
| | | | | इनपुट टैक्स क्रेडिट -SGST | | 80 | |
| कुल मूल्य संवर्धित कर | | 25 | **1303** | कुल देय SGST | | 17 | **1253** |
| विक्रय का तृतीय चरण -खुदरा विक्रेता से उपभोक्ता | | | | | | | |
| खुदरा विक्रेता की विक्रय कीमत (10 % लाभ सहित) | | | 1433 | खुदरा विक्रेता की विक्रय कीमत (10% लाभ सहित) | | | 1378 |
| | | | | केन्द्रीय GST | 8% | 110 | |
| राज्य द्वारा अधिरोपित VAT | 12.5% | 179 | | इनपुट टैक्स क्रेडिट -CGST (घटाएं) | | 97 | |
| | | | | कुल देय CGST | | 13 | 1391 |
| वैट–इनपुट टैक्स क्रेडिट (घटाएं) | | 135 | | राज्य GST | 8% | 110 | |
| | | | | इनपुट टैक्स क्रेडिट -SGST | | 97 | |
| कुल मूल्य संवर्धित कर | | 44 | **1477** | कुल देय SGST | | 13 | **1404** |
| इस प्रकार GST लागू होने के बाद कर सहित विक्रय मूल्य में रू.74 की कमी हो सकती है,जो लगभग 5% है | | | | | | | |



1
Wednesday, August 31, 2016 7:53:37 PM